<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल की बधाई
आकाशवाणी और दूरदर्शन से राज्यपाल के सन्देश का
प्रसारण 26 जनवरी को

लखनऊः 25 जनवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये अपनी मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं।

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उनके त्याग और बलिदान के कारण ही हमारा देश एक सशक्त जनतंत्र के रूप में पूरे विश्व में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता की अद्भुत विशेषता हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति रही है। एकता और सौहार्द से ही देश का संगठित विकास हो सकता है।

श्री नाईक ने अपील की है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमें नये संकल्प के साथ देश और प्रदेश के विकास के लिये आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों से बचकर हमें विकास में सहयोग करना होगा, इसी में राज्य और देश का हित निहित है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल का जनता के नाम सन्देश का प्रसारण दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी, 2015 को प्रातः 8.30 बजे और आकाशवाणी केन्द्र, लखनऊ से रात्रि 8.00 बजे प्रसारित किया जायेगा।